# Rapid Fire 20 December

- 19 दिसंबर को मनाया गया गोवा मुक्ति दिवस; 1961 में इसी दिन गोवा को मिली थी पुर्तगालियों से आज़ादी; भारत के आज़ाद होने के करीब साढ़े 14 साल बाद भारतीय सेना के 'ऑपरेशन विजय' के डेढ़ दिन के भीतर पुर्तगाली जनरल मैनुएल एंटोनियो वसालो ए. सिल्वा ने कर दिये थे आत्मसमर्पण के दस्तावेज़ पर दस्तखत; 30 मई 1987 को गोवा को मिला था पूर्ण राज्य का दर्जा ; इससे पहले केंद्रशासित प्रदेश थे गोवा, दमन और दीव
- भारतीय सेना ने युद्ध में दुश्मनों से निपटने के लिये बनाई नई रणनीति; Integrated Battle Groups (IBG) में होंगे सेना के सभी कॉम्बैट ऑपरेशन; सेना के नए Land Warfare Doctrine-2018 के मुताबिक देश के जवान आने वाले समय में माइक्रो सैटेलाइट, डायरेक्टेड-एनर्जी वाले हथियार, ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे अत्याधुनिक गैजेट्स का कर सकेंगे इस्तेमाल
- उप नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल अजित कुमार ने पोर्ट ब्लेयर में IN LCU (Landing Craft Utility) L-55' को नौसेना में शामिल किया; भारत में ही मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता द्वारा बनाया गया यह इस तरह का पाँचवां जहाज़ है; इसका उपयोग युद्धक टैंकों, बख्तरबंद गाड़ियों, सैनिकों और उपकरणों को जहाज़ से ज़मीन पर पहुँचाने के लिये किया जाएगा; इन जहाज़ों की तैनाती भारत की समुद्री सुरक्षा की आवश्यकताओं के मद्देनज़र की गई है
- ज़बरदस्ती 'आधार' की मांग करने पर एक करोड़ रुपए तक जुर्माना और 10 साल तक की हो सकती है सज़ा; प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट और भारतीय टेलीग्राफ एक्ट में संशोधन के तहत पहचान और पते के प्रमाण के तौर पर आधार के लिये दबाव बनाने पर बैंक और टेलीकॉम कंपनियों को एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है; साथ ही आधार कार्ड मांगने वाले कर्मचारी अथवा ज़िम्मेदार व्यक्ति को तीन से दस साल तक की हो सकती है कैद
- भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की नौवीं बैठक का नई दिल्ली में हुआ आयोजन; आतंकवाद की चुनौती का सामना करने के लिये क्षेत्रीय तथा वैश्विक समन्वय को मज़बूत करने और व्यापार तथा निवेश संबंधों को बढ़ाने के लिये नए रास्ते तलाशने पर हुई चर्चा; भारत की ओर से विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और दक्षिण कोरिया का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री कांग क्यूंग-वहा ने किया
- संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने 2019 को 'सहिष्णुता वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया; UAE सरकार ने क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिये ऐसा किया है; गौरतलब है कि पिछले महीने दुबई में पहला विश्व सहिष्णुता सम्मेलन आयोजित किया गया था
- अमेरिका के Federal Aviation Administration (FAA) ने भारत की विमानन सुरक्षा रैंकिंग श्रेणी-1 में बरकरार रखी; FAA ने भारत में Director General of Civil Aviation (DGCA) द्वारा अपनाए गए सुरक्षा उपायों को पर्याप्त बताया; इसके साथ ही International Civil Aviation Organisation (ICAO) ने भी भारत की रैंकिंग बढ़ा दी है, जो उसने पहले कम कर दी थी
- अमेरिकी राष्ट्रपति की चेतावनी के बावजूद अमेरिकी फेडरल रिज़र्व ने एक बार फिर किया ब्याज दरों में इज़ाफा; ब्याज दरों में 0.25 फीसदी के इज़ाफे के बाद अब यह दर बढ़कर 2.5 फीसदी हो गई है; फेडरल रिज़र्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के अनुसार केंद्रीय बैंक स्वायत्त है और इसके फैसलों में राजनीतिक दबाव की कोई भूमिका नहीं होती
- 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक कुल 80 पत्रकारों की हत्या हुई; इनमें 63 प्रोफेशनल पत्रकार थे; राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक और आपराधिक संगठनों में हलचल पैदा करने वाले पत्रकारों को बनाया गया निशाना; पिछले साल मारे गए थे 55 प्रोफेशनल पत्रकार; रिपोर्ट में भारत को पत्रकारों के लिये पाँचवां सबसे खतरनाक देश बताया गया; अफगानिस्तान बना पत्रकारों के लिये सबसे खतरनाक देश
- बेल्जियम के राष्ट्रपति चार्ल्स मिशेल ने दिया इस्तीफा; आव्रजन के मुद्दे पर सहयोगी दलों ने वापस ले लिया था समर्थन; संयुक्त राष्ट्र आव्रजन समझौते को लेकर थे गठबंधन में मतभेद; बेल्जियम के किंग फिलिप इस्तीफ़ा स्वीकार करने से पहले करेंगे विचार-विमर्श
- पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने बसंतोत्सव पर लगा प्रतिबंध हटाया; पिछले 12 वर्षों से लगी हुई थी इस पर रोक; फरवरी 2019 के दूसरे सप्ताह में मनाया जाएगा यह परंपरागत उत्सव; पाकिस्तान के पंजाब में 2007 में इस उत्सव पर यह कहते हुए पाबंदी लगा दी गई थी कि पतंग उड़ाने के लिये इस्तेमाल होने वाले माँझे से लोगों को चोट पहुँचती है और इससे उनकी जान को खतरा होता है
- पाकिस्तान की मानवाधिकार कार्यकर्त्ता असमां जहाँगीर को मरणोपरांत संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार पुरस्कार से सम्मानित किया गया; यह पुरस्कार प्रत्येक पाँच साल में एक बार दिया जाता है; असमां जहाँगीर को United Nations Human Rights Prize वैश्विक शांति बनाए रखने में उनके योगदान के लिये दिया गया है
- पनामा में खोजे गए एक नए उभयचर का नाम अमेरिकी राष्ट्रपति के नाम पर डेरमोफिस डोनाल्डट्रंपी रखा गया है; यह उभयचर देख नहीं सकता और इसके पैर भी नहीं हैं; गौरतलब है कि ज़मीन और पानी दोनों में रहने वाले जीवों को उभयचर (Amphibians) कहा जाता है

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-20-december